# कार्यालय, अधिष्ठाता
# पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, छ.ग.

क्र./चिकि./स्था./ भर्ती/2021/ 872 रायपुर, दिनांक 23/1/2021

:: विज्ञापन ::

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली एवं पं.जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के मध्य हस्ताक्षरित एम.ओ.यू. के तहत स्वीकृत एवं रिक्त पदों पर विभागाध्यक्ष, माईक्रोबायलॉजी विभाग के पत्र क्रमांक 843 दिनांक 07.09.20220 एवं पत्र क्रमांक 1128 दिनांक 04.12.2020 के द्वारा संविदा नियुक्ति की मांग किये जाने पर निम्नांकित पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु दिनांक 01.02.2021 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

**रिक्त पदों की संख्या एवं शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार है :–**

| क्र. | पदनाम | एकमुश्त वेतन (प्रतिमाह) | पद संख्या | वांछित योग्यताएं | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लैब टेक्निशियन | रू. 15000/– | 01 | (1)जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेंड्री परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण<br>(2)शासकीय संस्थान से पैथोलॉजी टेक्निशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित<br>(3)राज्य पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत होना चाहिए | अनारक्षित |
| 2 | डाटा मैनेजर | रू. 12000/– | 01 | (1)स्नातक उत्तीर्ण (वाणिज्य संकाय में उत्तीर्ण को प्राथमिकता)<br>(2मान्यता प्राप्त संस्था या विश्वविद्यालय से डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन परीक्षा उत्तीर्ण<br>या<br>"O" Level course from DOEACE | अनारक्षित |
| 3 | फार्मासिस्ट | रू. 18000/– | 01 | (1)भौतिकशास्त्र एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्ड्री परीक्षा/(10+2) परीक्षा उत्तीर्ण<br>(2)फार्मेसी में डिग्री/ डिप्लोगा<br>(3)फार्मेसी काउंसिल से पंजीकृत | अनारक्षित |
| | **योग** | | **03** | | |

**1. आयु सीमा :–**

आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2021 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए ।

**2. नियम एवं शर्तें :–**

1. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है ।
2. आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या कम या अधिक की जा सकती है ।
3. आवेदन करने की तिथि में दर्शाए गए वांछित योग्यताएं पूर्ण होनी चाहिए ।

4. एक से अधिक पद हेतु पृथक–पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा ।

5. निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रत्र संलग्न आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ अधिष्ठाता, पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर, छ.ग. के पते पर स्पीड पोस्ट से दिनांक 01.02.2021 तक प्रेषित कर सकते हैं। लिफाफे के उपर ''राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र हेतु .......... (पद का नाम) पद हेतु आवेदन'' लिखना अनिवार्य है।

**3. चयन प्रक्रिया :–**

1. चयन हेतु प्रावीण्यता का निर्धारण निम्नानुसार किया जावेगा :–

**(1) लैब टेक्निशियन के पद हेतु**

(क) बारहवीं में प्राप्तांक के प्रतिशत का 50%

(ख) पैथालॉजी टेक्निशियन पाठ्यक्रम में प्राप्तांक के प्रतिशत का 50%

**(2) डाटा मैनेजर के पद हेतु**

(क) स्नातक में प्राप्तांक के प्रतिशत का 50%

(ख) कंप्यूटर डिप्लोमा में प्राप्तांक के प्रतिशत का 50%

(बिंदु ''क'' एवं ''ख'' के योग से तैयार प्रावीण्यता सूची के प्रावीण्यता क्रम 01 से 05 तक के अभ्यर्थियों को कंप्यूटर दक्षता परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जावेगा । दक्षता परीक्षा में सबसे अधिक अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थी का चयन उक्त पद हेतु किया जावेगा । दक्षता परीक्षा हेतु निर्धारित पूर्णांक में 50% प्राप्त करना अनिवार्य है ।)

**(3) फार्मासिस्ट के पद हेतु**

(क) बारहवीं में प्राप्तांक के प्रतिशत का 50%

(ख) फार्मेसी मे डिग्री/डिप्लोमा में प्राप्तांक के प्रतिशत का 50%

उपरोक्त बिंदुओं के अंको के योग के आधार पर अंतिम प्रावीण्यता सूची तैयार की जावेगी ।

6. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जाएगी अर्थात् जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उन्हें प्राथमिकता दी जावेगी ।

7. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार अधिष्ठाता, पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर को होगा ।

8. अनुशासन एवं नियंत्रण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अध्यधीन होंगे तथा नियुक्त कर्मचारी नियोक्ता के नियंत्रण में कार्य करेंगे ।

नोट :– आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप संलग्न है ।

23.1.21

**अधिष्ठाता**

पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय

रायपुर, छत्तीसगढ

# राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र हेतु आवेदित पद का आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

पासपोर्ट साईज का स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें। (आवेदन प्रपत्र व फोटो में क्रास हस्ताक्षर)

अधिष्ठाता,
पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,
रायपुर, छ.ग.

1. आवेदित पद का नाम ..........................................................................................
2. आवेदक का पूरा नाम ..........................................................................................
(अग्रेंजी ब्लाक लेटर्स में)..........................................................................................
3. पिता/पति का नाम..........................................................................................
4. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में)..........................................................................................
..........................................................................................मोबाईल नं.......................................
(ब) स्थायी पता..........................................................................................
..........................................................................................
5. जन्मतिथि अंको मे.............................................शब्दों में..............................................................
आयु दिनांक 01.01.2021 को वर्ष...................................माह.......................................दिन...............
6. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है ? हां/नही – मूल निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें ।
7. लिंग (सही करें) पुरूष...................महिला........................
8. शैक्षणिक योग्याता का विवरण

| क्र. | परीक्षा का नाम | वि.वि. /बोर्ड/संस्था का नाम /अन्य | पूर्णांक | प्राप्तांक | श्रेणी | उत्तीर्ण होने का वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

9. राज्य पैरामेडिकल काउंसिल/ फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन क्रमांक व दिनांक ..........................................
10. संलग्न प्रमाण पत्र की सूचीः–

1.................................................2.................................................3.................................................
4.................................................5.................................................6.................................................
7.................................................8.................................................9.................................................

## घोषणा पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरे सर्वोत्तम विश्वास एंव जानकारी के अनुसार सत्य एंव सही है एंव आवेदित पद के लिये मै निर्धारित योग्यता रखता /रखती हूं मुझे जानकारी है कि इसमें दी गई कोई भी जानकारी या सूचना गलत, असत्य या अपूर्ण पायी जाने पर उक्त पद के लिये मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है, इस संबंध में मुझे कोई नोटिस दिये बिना मेरी सेवाएं समाप्त की जा सकती है तथा मेरे विरूद्व नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही भी की जा सकती है।

स्थानः–............................
दिनांकः–..........................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम....................................